# अध्याय - 4 | जल संसाधन

## QUIZ-01

1. विश्व के जल संसाधनों का भारत के पास कितना प्रतिशत है?
A. 2.45%
B. 4%
C. 17%
D. 10% (B)
*व्याख्या:* भारत के पास विश्व के कुल जल संसाधनों का 4% है।

2. भारत में किस क्षेत्र में जल का उपयोग सर्वाधिक है?
A. घरेलू
B. उद्योग
C. कृषि
D. ऊर्जा (C)
*व्याख्या:* कृषि में सतही जल का 89% और भूमिगत जल का 92% उपयोग होता है।

3. पंजाब और हरियाणा में भूमिगत जल के अत्यधिक दोहन का मुख्य कारण क्या है?
A. कम वर्षा
B. सिंचाई के लिए अत्यधिक उपयोग
C. औद्योगिक प्रदूषण
D. नगरीकरण (B)
*व्याख्या:* चावल और गेहूं की सिंचाई के लिए अत्यधिक उपयोग के कारण भूमिगत जल घटा है।

4. दक्षिण भारत में कौन सा राज्य अपने भूमिगत जल का सर्वाधिक उपयोग करता है?
A. केरल
B. कर्नाटक
C. तमिलनाडु
D. आंध्र प्रदेश (C)
*व्याख्या:* तमिलनाडु दक्षिण भारत में भूमिगत जल का सर्वाधिक उपयोग करता है।

5. भारत में 'हर खेत को पानी' का लक्ष्य किस योजना का है?
A. जल क्रांति अभियान
B. नीरू-Meeru
C. अटल भूजल योजना
D. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (D)
*व्याख्या:* पीएमकेएसवाई का उद्देश्य हर खेत को पानी देना है।

6. गर्मियों में नदियों में जल प्रदूषण का मुख्य कारण क्या है?
A. अधिक वर्षा
B. कम तापमान
C. कम जल प्रवाह और प्रदूषकों की उच्च सांद्रता
D. तेज हवा (C)
*व्याख्या:* गर्मियों में कम प्रवाह के कारण प्रदूषकों की सांद्रता बढ़ जाती है।

7. दिल्ली और इटावा के बीच कौन सी नदी सबसे अधिक प्रदूषित है?
A. गंगा
B. यमुना
C. गोमती
D. साबरमती (B)
*व्याख्या:* यमुना नदी इस हिस्से में अत्यधिक प्रदूषित है।

8. वर्षा जल संचयन का मुख्य उद्देश्य क्या है?
A. वाष्पीकरण बढ़ाना
B. वर्षा बढ़ाना
C. भूमिगत जल का पुनर्भरण और जल भंडारण
D. तापमान कम करना (C)
*व्याख्या:* वर्षा जल संचयन भूमिगत जल का पुनर्भरण और जल भंडारण करता है।

9. भारत के उपयोगी जल संसाधनों की अनुमानित मात्रा कितनी है?
A. 4000 घन किमी
B. 1869 घन किमी
C. 1122 घन किमी
D. 432 घन किमी (C)
*व्याख्या:* भारत के उपयोगी जल संसाधन लगभग 1122 घन किमी हैं।

10. महाराष्ट्र का कौन सा गांव जलग्रहण प्रबंधन के लिए प्रसिद्ध है?
A. भुज
B. रालेगण सिद्धि
C. अलवर
D. पाली (B)
*व्याख्या:* रालेगण सिद्धि जलग्रहण विकास और आत्मनिर्भरता का मॉडल है।

मिशन ज्ञान पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES